(ग) 31-3-1992 तक विदेशों से प्राप्त ऋण के रूप में विदेशी पूंजी 28112.98 करोड़ रुपये थी। वर्ष 1991-92 के दौरान ऐसे ऋणों पर चुकाए गए ब्याज की राशि 1805.33 करोड़ रुपये थी।

(घ) विगत तीन वर्ष के दौरान सरकारी उद्यमों द्वारा अर्जित लाभ का उद्यम-वार ब्यौरा 26 फरवरी, 1993 को संसद में प्रस्तुत लोक उद्यम सर्वेक्षण, 1991-92 के खण्ड-1 के विवरण-संख्या 7 "क" में दिया गया है।

देश में चल रहे भारी उद्योग

3187. श्री राम जेठमलानी : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत मार्च 1993 की स्थिति के अनुसार कुल कितने भारी उद्योग चल रहे थे तथा उनमें विदेशी ऋणों के रूप में प्राप्त राशि सहित कुल कितनी पूंजी लगी थी;

(ख) इन उद्योगों में विदेशी ऋण के रूप में कुल कितनी पूंजी लगी थी और उस पर वित्तीय वर्ष 1992-93 के दौरान कितना ब्याज देना पड़ा;

(ग) क्या यह भी सच है कि इन उद्योगों को वर्ष 1992-93 में भारी घाटा हुआ है;

(घ) यदि हां तो उक्त वित्तीय वर्ष में इनको कुल कितना घाटा हुआ और किन-किन उद्योगों को पिछले तीन वर्षों से लगातार घाटा हो रहा है;

(ङ) क्या सरकार ने कतिपय उद्योगों के मामलों को औद्योगिक तथा वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड के पास विचारार्थ भेजा है; यदि हां तो उनकी संख्या कितनी है; और

(च) सरकार ने उसके प्रति क्या नीति अपनाने का निर्णय लिया है?

उद्योग मंत्रालय (औद्योगिकी विकास विभाग) में राज्य मंत्री और उद्योग मंत्रालय (भारी उद्योग विभाग) में राज्यमंत्री (श्रीमती कुल्ला साही) : (क) और (ख) उद्योग मंत्रालय के अधीन 31 मार्च, 1993 की स्थिति के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र के 48 उपक्रम चल रहे हैं। इन उपक्रमों, में नियोजित पूंजी विदेशी ऋण तथा उन पर वर्ष 1992-93 के दौरान देय ब्याज की राशि के बारे में सूचना एकत्र की जा रही है और इस बारे में एक विवरण सभा पटल पर रख दिया जाएगा।

(ग) और (घ) एक विवरण संलग्न है। (नीचे देखिये) 26 उपक्रम पिछले 3 वर्षों से लगातार घाटे में चल रहे हैं।

(ङ) जी हां। 19 उपक्रमों को औद्योगिक और वित्तीय पुनर्निर्माण बोर्ड को संदर्भित किया गया है।

(च) प्रत्येक मामले में सरकार की नीति सभी परिस्थितियों पर विचार करने के बाद ही निर्धारित की जाएगी।

विवरण

भारी उद्योग विभाग के अन्तर्गत सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों के बारे में गत तीन वर्षों के दौरान लाभ (+) हानि (—) दर्शाने वाला विवरण।

(करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	सरकारी क्षेत्र के उपक्रम के नाम	1990-91	1991-92	1992-93
1.	एन्ड्रयूल एण्ड कम्पनी लिमिटेड	11.00	8.15	3.77
2.	भेल	201.46	186.65	309.00
3.	बर्न स्टण्डर्ड कंपनी लिमिटेड	—3.44	—9.02	—3.20
4.	भारत ब्रेक्स एण्ड वाल्वस लिमिटेड	—1.95	—1.77	—0.61
5.	टेरोल बर्न लिमिटेड	—1.19	—1.07	—0.84
6.	जेसप एण्ड कम्पनी लिमिटेड	—1.38	—4.61	—9.72

क्र.सं.	सरकारी क्षेत्र के उपक्रम के नाम	1990-91	1991-92	1992-93
7.	ब्रेथवेट एण्ड कम्पनी लिमिटेड	—5.39	—2.26	—1.65
8.	भारत बैंगन एण्ड इंजीनियरिंग कंपनी लि.	0.79	3.77	1.81
9.	भारत प्रोसेस एण्ड मकेनिकल इंजीनियर्स लि.	—8.37	—8.60	—9.81
10.	बेवर्ड (इंडिया) लिमिटेड	—1.37	—1.44	—1.30
11.	लगन जूट मशीनरी कंपनी लिमिटेड	0.28	0.48	—0.24
12.	भारत हैवी प्लेटस एण्ड वेसल्स लि.	3.04	1.55	2.33
13.	भारत पम्पज एण्ड कम्प्रेसर्स लि.	—2.59	—8.59	—14.24
14.	रिचर्डसन एण्ड कुडास (1972) लि.	—8.64	—15.65	—15.17
15.	त्रिवेणी स्ट्रक्चरल्स लिमिटेड	—3.61	—13.12	—16.37
16.	तुंगभद्रा स्टील प्रोडक्टस लिमिटेड	0.47	0.79	0.59
17.	साइकिल कारपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड	—30.16	—27.37	—30.47
18.	हिन्दुस्तान केबल्स लिमिटेड	2.32	—24.51	12.11
19.	हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन लि.	—99.51	—192.65	—127.25
20.	एस.एम.टी. लिमिटेड	15.58	38.15	—12.53
21.	प्रागा टूल्स लिमिटेड	—1.70	—2.18	—5.17
22.	एच.एम.टी. बियरिंग्स लिमिटेड	3.55	3.40	2.62
23.	इंस्ट्रूमेंटेसन लिमिटेड कोटा	0.14	—16.67	—11.60
24.	राजस्थान इलेक्ट्रोनिक इन्स्ट्रूमेंट्स लि.	0.68	0.41	0.43
25.	माइनिंग एण्ड एलाइड मशीनरी कारपोरेशन लि.	—37.69	—38.60	—71.81
26.	नेशनल बाइसिकल कारपो. आफ इंडिया लि.	—18.20	—11.51	—13.58
27.	नेशनल इन्स्ट्रूमेंट्स लिमिटेड	—8.18	—8.04	—12.35
28.	स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड	—48.25	—53.14	—60.91
29.	भारत आप्थलिक ग्लास लिमिटेड	—10.40	—11.17	—11.29
30.	सीमेंट कारपोरेशन आफ इंडिया लि.	—29.33	2.10	—59.94
31.	हिन्दुस्तान पेपर कारपोरेशन लि.	—61.37	—69.91	—51.33
32.	माण्डया नेशनल पेपर मिल्स लिमिटेड	—5.71	—13.17	—16.68
33.	नागालैण्ड पल्प एण्ड पेपर कंपनी लिमिटेड	—20.24	—23.74	—23.76
34.	हिन्दुस्तान न्यूजप्रिन्ट लिमिटेड	31.02	38.01	39.81
35.	हिन्दुस्तान प्रोटोफिल्मस मैन्यु. कंपनी लि.	1.98	2.91	—77.87
36.	हिन्दुस्तान साल्टस लिमिटेड	—0.10	0.42	—0.11
37.	सांभर साल्ट्स लिमिटेड	0.71	0.41	0.05
38.	नेपा लिमिटेड	6.18	2.06	—5.19
39.	रिहेब्लिटेशन इण्डस्ट्रीज कारपोरेशन लि०	—27.12	—32.19	—32.00
40.	टैनरी एण्ड फुटवियर कारपो. आफ इंडिया लि.	—18.70	—19.86	—23.11
41.	टायर कारपोरेशन आफ इंडिया लि.	—14.18	—15.71	—25.48
42.	भारत लेदर कारपोरेशन लि.	—1.29	—0.83	—1.25
43.	इंजीनियरिंग प्रोजेक्टस (इंडिया) लि.	—53.87	—58.34	—59.81
44.	नेशनल इंडस्ट्रियल डवलपमेंट कारपो. लि.	0.16	0.17	0.21
45.	बी.बी.जे कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड	0.72	4.19	3.16
46.	ब्रिज एण्ड रुफ कम्पनी लिमिटेड	0.79	1.39	2.60
47.	हुगली प्रिंटिंग लिमिटेड	—0.07	—0.03	0.08
48.	एच.एम.टी. इन्टरनेशनल लिमिटेड	3.49	1.81	2.30
	योग :	—239.64	—388.93	—425.77